CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय

क्रमांकः छस्वावितवि / प्रशा. / 2014 / 3205 दिनांकः 16/12/14

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त पॉलीटेक्नीक, संस्था,
छत्तीसगढ़।

विषयः—त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम / चार वर्षीय अंशकालीन पाठ्यक्रम में अनुकम्पा अवसर प्रदान करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषय में उल्लेख है, कि विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णयानुसार उपरोक्त पाठ्यक्रमों में सत्र 2005—06 एवं सत्र 2006—07 में प्रवेशित छात्रों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए दो विशेष अनुकम्पा अवसर; परीक्षा दिसम्बर—जनवरी 2014—15 एवं परीक्षा मई—जून 2015 में प्रदान किये जाते हैं।

संस्थाएं संबंधितों को यह भी अवगत करावें कि समस्त विद्यार्थियों को उपरोक्त दिए गये विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान करने के लिये एक शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में रू. 50 / — के स्टाम्प पेपर में प्रस्तुत करना होगा।

संस्थायें यह भी सुनिश्चत करें कि ऐसे संबंधित विद्यार्थियों को प्रदान किये जाने वाले अनुकम्पा अवसरों की जानकारी संस्था के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें तथा संबंधित विद्यार्थियों को पंजीकृत डाक से भी सूचित किया जावे। स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करवायें। कृत कार्यवाही की सूचना विश्वविद्यालय को भी भेजी जावे।

यह भी सूचित है, कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों के अध्यादेशों में संशोधित प्रावधान का लाभ समस्त विद्यार्थियों को, समानरूप से प्राप्त हो, इस आशय से ये विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। भविष्य में इसे उदाहरण—स्वरूप नहीं लिया जावेगा एवं इसके पश्चात् कोई अनुकम्पा अवसर प्रदान नहीं किये जावेंगे।

कुलसचिव
छस्वावितवि भिलाई

पृ.क्र.: छस्वावितवि / प्रशा. / 2014 / .... दिनांकः ....

प्रतिलिपिः

1. संचालक, तकनीकी शिक्षा इन्द्रावती भवन नया रायपुर।
2. निज सहायक माननीय कुलपति।
3. मास्टर फाईल।
4. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी (सूचना प्रकोष्ठ / परीक्षा / प्रशा.)।

Sd/-
कुलसचिव
छस्वावितवि भिलाई

upload on web site

North Park Avenue, Sector 8, Bhilai (C.G.) 490 009
Ph. No. : 0788 2261311, Fax No. : 0788 2261411, Website : www.csvtu.ac.in, E-mail :registrar@csvtu.ac.in

शपथ पत्र

(समक्ष नोटरी)

मैं (विद्यार्थी का नाम) .... पुत्र/पुत्री .... पॉलीटेक्नीक संस्था.. में (ब्रांच का नाम) .... कार्यक्रम, जिसकी अवधि ..... वर्ष है, एवं पढ़ाई की पद्धति सेमेस्टर है, का छात्र/छात्रा हूँ। मेरा रोल नम्बर .... है। मैंने प्रथम बार उपरोक्त कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र .... में प्रवेश लिया था।

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त शैक्षणिक सत्र में प्रवेशोपरांत मुझे छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई द्वारा सम्बंधित डिप्लोमा की पढ़ाई पूर्ण करने हेतु पूर्व में दिये गए निर्धारित समुचित अवसरों को प्रदान किये जाने के पश्चात् भी मैं अपना डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं कर पाया/पायी हूँ। अब मुझे परिपत्र क्रमांक/छस्वावितवि/प्रशा./2014/.......... दिनांक......................../............../2014 के अनुसार अपना डिप्लोमा पूर्णतः उत्तीर्ण करने के लिए विशेष अनुकम्पा अवसर क्रमशः .... एवं ....दिए जा रहे हैं।

उपरोक्त तथ्य ज्ञात होते हुए मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दो अनुकम्पा अवसरों के पश्चात् मुझे अपना डिप्लोमा पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा और न ही मैं अतिरिक्त अवसर की मांग करूंगा/करूंगी। इस हेतु मैं कोई दावा भी किसी माध्यम से पेश नहीं करूंगा/करूंगी। इस हेतु लिखित सहमति है तथा यह मैं अपनी पूरी सही जानकारी एवं बिना किसी दबाव के, स्वयं प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

शपथकर्ता

नामः ....

पताः ....

....

सत्यापन

मैं..शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सही है, जिसे मैंने आज दिनांक............................ को ....में हस्ताक्षर किया।

प्राचार्य का हस्ताक्षर एवं सील

शपथकर्ता